PPMN

सहयोग आपका प्रयास हमारा

# परिष्कार पत्रिका

प्रगति की ओर

जयपुर सहित, किशनगढ़, अजमेर, नसीराबाद, ब्यावर, जोधपुर, बानसूर, अलवर, कोटपूतली, बहरोड़, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, कानोता, बस्सी, नीम का थाना, रींगस, सीकर, कोटा, शिवदासपुरा, भीलवाड़ा, अहमदाबाद, बीकानेर, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, मध्यप्रदेश में प्रसारित

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

जरूरी सूचना
यदि आपके पास परिष्कार पत्रिका डाक से आता है और हर माह की 10 व 25 तारीख को पाबंदी से नहीं आ रहा है, तो अपने पोस्टमास्टर या डाकिए से हमारी बात कराएं या सूचित करें। इसका निश्चित रूप से समाधान निकलेगा।
सम्पर्क करें 9314407796

पोस्टल रजि. Jaipur City/ 240/ 2021-23 पाक्षिक (हिन्दी राष्ट्रीय) मूल्य 2 रूपए

विशेषांक

E-Mail : parishkarpatrika@gmail.com

वर्ष - 22 | अंक 3 | जयपुरः 8 सितंबर 2023 से 22 सितंबर 2023 | RNI No : RJHIN/2002/9810 | वार्षिक सदस्यता 251 रूपए

राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह

# शिक्षक मिशन–2030 को साकार करने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका : मुख्यमंत्री

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में एक से बढ़कर एक निर्णय किये हैं। जिससे राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। गहलोत ने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे विद्यार्थियों को उच्च संस्कार देकर उनमें समाज सेवा की भावना विकसित करें। उन्होंने कहा कि उन्नत और खुशहाल राजस्थान बनाने के लिए राज्य सरकार ने मिशन–2030 की शुरुआत की है, जिसमें शिक्षकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इस मिशन के माध्यम से विजन डॉक्यूमेंट तैयार कर वर्ष 2030 तक देश के प्रथम राज्यों की पंक्ति में राजस्थान को शुमार करवाना हमारा ध्येय है। गहलोत बिड़ला सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। समारोह में 50 जिलों के 149 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। उन्होंने सम्मानित शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा उनके सम्मान में प्रकाशित 'शिक्षक सम्मान' पुस्तिका का विमोचन भी किया। साथ ही, भोपाल में आयोजित 66वें राष्ट्रीय स्कूल टूर्नामेंट में व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले 6 खिलाड़ियों का भी सम्मान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान अब काफी बदल चुका है। शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ ही प्रत्येक क्षेत्र में प्रदेश काफी आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की योजनाएं देश के अन्य राज्यों के लिए मिसाल बन रही है और इन योजनाओं को आधार बनाकर कई राज्यों की सरकारें अपने मेनीफेस्टो तैयार कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने शिक्षकों से हर जरूरतमंद व्यक्ति तक राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने का आह्वान किया।




**प्रदेश में बदली शिक्षा की तस्वीर :** मुख्यमंत्री ने कहा कि समय के साथ बदलाव आवश्यक है। राज्य सरकार ने वर्तमान समय में अंग्रेजी भाषा के महत्व को समझते हुए राज्य में महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खोले हैं। इन विद्यालयों में वर्तमान में 6 लाख से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। राज्य में संस्कृत विश्वविद्यालय एवं वैदिक विद्यालय खोले गए हैं। राजकीय विद्यालयों में कम्प्यूटर शिक्षकों की भर्ती की गई है। राज्य में विश्वविद्यालयों की संख्या 90 से अधिक हो चुकी है। उन्होंने कहा कि राज्य में अब उच्च अध्ययन के लिए ट्रिपल आईटी, आईआईएम और एम्स जैसे संस्थानों के साथ ही आयुर्वेद युनिवर्सिटी, लॉ युनिवर्सिटी, पत्रकारिता युनिवर्सिटी, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज आदि संस्थान उपलब्ध हैं, जिससे विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है। राजीव गांधी स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस योजना के अंतर्गत 500 विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए विदेश भेजा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी ओलम्पिक खेलों के आयोजन से खेलों के प्रति सकारात्मक माहौल बन रहा है। अन्य राज्यों की सरकारें भी अब इसका अनुसरण कर रही है। राज्य में खिलाड़ियों को आउट ऑफ टर्न नौकरियां एवं सरकारी नौकरियों में आरक्षण दिया जा रहा है।

**सकारात्मक सोच के साथ हो रहा काम :** गहलोत ने कहा कि हम सकारात्मक सोच के साथ कार्य कर रहे हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की सोच के अनुरूप अंतिम व्यक्ति को ध्यान में रखकर राज्य सरकार अपनी योजनाएं तैयार कर रही है। इन योजनाओं से हर वर्ग को राहत मिल रही है। स्वास्थ्य का अधिकार अधिनियम, न्यूनतम आय की गारंटी अधिनियम एवं गिग वर्कर्स के कल्याण के लिए बनाए गये कानून जैसे ऐतिहासिक निर्णय किए गए हैं, जिनकी सर्वत्र सराहना हो रही है। शेष पृष्ठ 3 कॉलम 1 पर

# शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय सेमिनार

## शिक्षक सम्मान की गरिमा में शासन, समाज तथा शिक्षक की भूमिका

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** शिक्षक दिवस के अवसर पर जयपुर में पुरुस्कृत शिक्षक फोरम राजस्थान ने शिक्षा विभाग के तत्वावधान में शनिवार 2 सितंबर को सेंट माइकल स्कूल, सुभाष चौक के सभागार में शिक्षक सम्मान की गरिमा में शासन, समाज तथा शिक्षक की भूमिका विषय पर राज्य स्तरीय सेमिनार आयोजित की। मुख्य वक्ता के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक जयपुर, राजेंद्र शर्मा हंस ने कहा कि पूर्व की तुलना में शिक्षक सम्मान औपचारिक बनकर के रह गया है। इस पर चिंतन किया जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को अपनी भूमिका को कम नहीं आंकना चाहिए। सरकार को कोई भी कार्य हो बिना शिक्षा विभाग के संचा. लित होना कठिन है। फिर चाहे वह जनगणना का कार्य हो, राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस हो, स्वास्थ्य योजनाओं और सरकार की विभिन्न योजनाओं की क्रियान्विती का कार्य हो। यहां तक भगवान के कार्यों को पूर्ण कराने के लिए भी शिक्षकों की आवश्यकता होती है। शिक्षक नव भारत के निर्माता है।

सेमिनार की अध्यक्षता करते हुए शिक्षाविद डॉ. राघव प्रकाश, निदेशक परिष्कार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षक का स्वाभिमान और नैतिक मूल्य में गिरावट आने पर तथा शासन में राजनीति व समाज में व्यवसायिकता हावी होने पर शिक्षक सम्मान की गरिमा घटी है। उन्होंने बताया कि जीवन गतिशील है और वह जरूरी भी हैं। पशु–पक्षियों में बरसों बाद भी ज्यादा परिवर्तन नहीं आया है जबकी हम दस बरस पिछे की पीढ़ी को देखे तो आज उनमें बड़े परिवर्तन हो गए हैं। या यों कहे कि चार



दिन पहले जो विचार थे वे अब नहीं। इसलिए यह जीवन निरंतर गतिशील है जिसमें विचारों को समावेश है जो हमें निरंतर विकास की ओर अग्रसर करता हैं। पुरस्कृत शिक्षक फोरम के महासचिव रामेश्वर प्रसाद शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का संयोजन व संचालन प्रदेश सचिव महेश बाबू शर्मा ने किया जिसमें विभिन्न जिलों से 90 राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय पुरस्कृत शिक्षकों ने भाग लिया। सेमिनार में अजमेर, जयपुर, नागौर, पाली, सीकर, चित्तौड़गढ़, अलवर, करौली, बाड़मेर तथा दौसा जिले से आए पुरस्कृत शिक्षकों ने भी विचार रखें। अंत में फोरम अध्यक्ष निर्मल ग्रोवर तथा सेंट माइकल स्कूल की प्रिंसिपल निओल डिसिल्वा ने आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

571 आवंटी पत्रकारों ने की राज्यपाल से गुहार

# अनुच्छेद 14 के मौलिक अधिकार का हनन रोका जाए

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** निर्दोष होने के बावजूद 10 साल से अपने आवंटित भूखंड के पट्टे के लिए परेशान नायला पत्रकार नगर के 571 आवंटी पत्रकारों के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को महामहिम राज्यपाल कलराजमिश्र से मुलाकात की और मामले में दखल देकर पीड़ित पत्रकारों को शीघ्र न्याय दिलाने की गुहार लगाई।

571 निर्दोष पत्रकार न्याय मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने महामहिम को बताया कि आवंटियों के संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकार का हनन किया जा रहा है। अनुच्छेद 14 के तहत नागरिकों को नीति के समक्ष समता का अधिकार प्राप्त है। जयपुर विकास प्राधिकरण ने पिंकसिटी प्रेस एनक्लेव के ब्रोशर में सरकार की पत्रकार आवास नीति के विरुद्ध अधिस्वीकरण की अतिरिक्त पात्रता के लिए आवंटियों को बाध्य किया है। इस अतिरिक्त पात्रता को जेडीए ने स्वयं उच्च न्यायालय में लिपिकीय त्रुटि करार दिया है। जबकि पत्रकार आवास नीति में अधिस्वीकरण से शिथिलता देकर ही वर्ष 2010 में नायला योजना का सृजन किया गया था। प्रदेशभर में इस नीति के तहत सभीजगह गैर अधिस्वीकृत पत्रकारों को भूखंड दिए गए हैं, लेकिन प्राधिकरण ने इस नीति के लाभ से वंचित कर आवंटियों के मौलिक अधिकार का हनन किया है। साथ ही प्राधिकरण ने सरकार के 20 अक्टूबर 2010 के आदेश और मामले में उच्च न्यायालय के



निर्देशों की भी अवहेलना की है। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि मौलिक अधिकारों की रक्षा करना सरकार का भी दायित्व है और राज्यपाल महोदय से मामले में दखल देकर आवंटियों के मौलिक अधिकार के तहत प्रदेश में लागू पत्रकार आवास नीति का लाभ दिलाने की गुहार की।

प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ पत्रकार एवं जयपुर महानगर टाइम्स के संपादक गोपाल शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार रूपेश टिंकर, अनिल त्रिवेदी, पवन पारीक, दीपेंद्र सिंह ईसरदा और दिलीप दीक्षित शामिल थे।

राजस्थान हितकारी मिशन : 2030

# शहरी विकास एवं स्वच्छता सेक्टर से संबंधित हितकारकों से संवाद

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** मिशन–2030 के विजन डॉक्यूमेंट में प्राप्त सुझाव विकास की धुरी बनेंगें। राजस्थान प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा। इसलिए आवश्यक है कि राजस्थान मिशन–2030 के अन्तर्गत सलेक्टेड पैरामीटर तय करते हुए शहरी विकास एवं स्वच्छता सेक्टर से संबंधित हितधारकों, वरिश्ठ नागरिकों से सुझाव लिये जावे। यह निर्देश स्वायत्त शसन विभाग के सभागार में नगरीय विकास, आवासन एवं स्वायत्त शासन विभाग की संयुक्त विडियों कांफ्रेंस संवाद/परामर्श बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास विभाग टी.रविकान्त ने दिये। इस अवसर पर शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग कैलाश चन्द मीणा, निदेशक एवं विशिश्ट सचिव ह्वदेश कुमार शर्मा, संयुक्त शासन सचिव नगरीय विकास विभाग जुगल किशोर मीणा, वित्तीय सलाहकार महेन्द्र मोहन, वरिश्ठ नगर नियोजक एवं समस्त स्थानीयनिकाय विभाग के उपनिदेशक (क्षेत्रीय), राज्य की समस्त नगरीय निकायों, विकास प्राधिकरणों, नगर विकास न्यासों के सचिव, आयुक्त एवं अधिशाशी अधिकारी तथा राजस्थान–मिशन 2030 पीएमयू के सभी सदस्य व वरिश्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में प्रमुख शसन सचिव, नगरीय विकास विभाग टी.रविकान्त ने कहा कि राजस्थान मिशन–2030 में बनाये जाने वाला विजन डॉक्यूमेंट में सभी विभागों द्वारा आगामी कार्यो की कार्य योजना आमजन के सुझावों के माध्यम से तैयार की जानी है। उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों को रेवेन्यू बढाये जाने के उपायों के बारे में सुझाव प्राप्त करने होगें साथ ही सीवरेज की समस्या का निस्तारण कैसे हो, वेस्ट टू एनर्जी का अधिक से अधिक उपयोग कैसे किया जाये जैसे प्रमुख विशयों पर गम्भीरता से विचार करते हुए विजन डॉक्यूमेंट तैयार करना होगा। शासन सचिव, स्वायत्तशासन विभाग कैलाश चन्द मीणा ने कहा कि सभी नगरीय निकायों को



निर्देश दिये कि 08 सितम्बर, 2023 को प्रातः 11 बजे जिला स्तर पर शहरी विकास एवं स्वच्छता सेक्टर के हितधारकों की बैठक में प्रदेश में अब तक किये गये कार्यो की विस्तार से जानकारी दी जाये तथा वर्श 2030 के मध्यनजर कैसा राजस्थान देखना चाहते है के संबंध में अधिक से अधिक सुझाव प्राप्त किये जाये। इस बैठक में नगरीय निकायो के जनप्रतिनिधियों क्षेत्रीय प्रतिश्ठित नागरिकों आम नागरिकों, अधिवक्ताओं, विशयविशेशज्ञों, एनयूएलएम के स्वयं सहायता समूह, शहरी रोजगार गारंटी मेट एवं स्ट्रीट वेण्डर्स आदि को आमंत्रित किया जाये। बैठक में निदेशक एवं विशिश्ट सचिव ह्वदेश कुमार शर्मा ने बताया कि जिले की विकास प्राधिकरण/नगर विकास न्यास/नगरीय निकायों के हितधारकों से प्राप्त समस्त सुझावों/परामर्श का संकलन कर अध्ययन किया जायेगा। मिशन– 2030 की वेबसाईट पर आमजन एवं अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रेशित सुझावों का अध्ययन किया जायेगा। जनकल्याण ऐप के माध्यम से शहरी रोजगार गारंटी मेट द्वारा फेस टू फेस सर्वे उपरान्त प्राप्त सुझावों का अध्ययन किया जायेगा।

जयपुर विकास प्राधिकरण

# ट्रेफिक बोर्ड की बैठक में विभिन्न एजेण्डों पर निर्णय लिए

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** जयपुर विकास आयुक्त डॉ जोगाराम की अध्यक्षता में जेडीए के मंथन सभागार में ट्रेफिक कन्ट्रोल बोर्ड की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न एजेण्डों पर विचार–विमर्श कर निर्णय लिये गये। बैठक में राहुल प्रकाश अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (यातायात एवं प्रशासन), जेएमआरसी, परिवहन विभाग, पुलिस विभाग, आरएसआरटीसी, नगर निगम ग्रेटर जयपुर, नगर निगम हैरिटेज जयपुर, स्मार्ट सिटी, ट्रेफिक पुलिस, जेसीटीएसएल, पीडब्ल्यूडी, पीएचईडी से संबंधित अधिकारीगण एवं जेडीए के अभियांत्रिकी निदेशक–प्रथम एवं चतुर्थ, मुस्कान एनजीओ के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में 27 नए प्रस्तावित मार्गों के प्रस्ताव का कार्योत्तर अनुमोदन किया गया। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में शहर में 29000 ई–रिक्शा चल रहे हैं।

ई–रिक्शा जोन का गठन और उसके कोटे का निर्धारण हेतु कुल 33000 ई–रिक्शा के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। वर्तमान में संचालित नगरीय बस एवं टैम्पों मार्गों के दायरे में वृद्धि प्रस्तावित के रूप में एजेंडा को मंजूरी दी गई। बैठक में परिवहन विभाग ने पुराने डीजल ऑटो रिक्शा को जब्त करने के लिए धन की आवश्यकता का हवाला दिया। इस हेतु आर टी आई डी एफ या राजस्थान रोड सेफ्टी फंड से फंड लेने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में बताया गया कि जेडीए द्वारा सैटेलाइट बस स्टैंड दिल्ली, सीकर, अजमेर और आगरा रोड पर बस स्टैंड के लिए जमीन आवंटित की है। जेडीए द्वारा अजमेर रोड बस स्टैंड का कार्य किया जा रहा है। साथ ही निर्देश



दिये कि पुलिस चौकी के लिए सुविधाओं का निर्माण वहां प्राथमिकता पर किया जाए।बैठक में जयपुर जंक्शन पर यातायात दबाव कम करने के लिए डीसीपी ट्रैफिक द्वारा प्रस्तुत किया गया कि स्टेशन से कलेक्टरी सर्कल तक 5 छोटी सड़कें हैं जिन्हें बेहतर बनाया जा सकता है और वैकल्पिक सड़कों के रूप में उपयोग किया जा सकता है। इसके लिए सर्वेक्षण करने और व्यवहार्यता के अनुसार करने के लिए निर्देशित किया गया था।

PRIME TRACK



शायर सिंह किरार
ट्रैकोन कोरियर प्रा. लि.

Trackon
Couriers Pvt. Limited

अपने प्रियजनों को भेंजे संदेश या उपहार, घर बैठे कोरियर पिकअप और डिलीवर के लिए हमसे सम्पर्क करें -

शॉप नं. 2, प्लाट नं.36, भैरव नगर, हटवाड़ा रोड़, जयपुर [राजस्थान]
मो. नं. 8561888504, 6350176413, 9314407796

## सम्पादकीय

सभी पाठकों को शिक्षक दिवस की हार्दिक। हर प्राणी अपनी अपनी योग्यता, और कमजोरियां का स्वामी होता हैं। हर व्यक्ति व प्राणी कुछ विशेष योग्यता से परिपूर्ण होते हैं कुछ लोग शारीरिक रूप से शक्तिशाली होते है, तो कुछ अपनी बुद्धि के सही इस्तेमाल के लिए जाने जाते है, कुछ अपने आचरण ओर व्यवहार से दिल में जगह बनाते हैं तो कुछ अपनी शारीरिक सुंदरता से, कुछ लोग लोगों के सामने परेशानी खड़ी कर अपनी पहचान बनाते हैं तो कुछ अपने सामाजिक कार्यों ओर लोगों को सहयोग कर अपनी जगह बनाते हैं। हर व्यक्ति की अपनी योग्यताओ व विशेषताओ का महत्व होता है, लेकिन हमे अपनी विशेषता का ठीक से इस्तेमाल करना भी आना चाहिए। इसका इस्तेमाल हमें गुरु ही सिखाते हैं। हमें अपने गुरूओं को पूरा सम्मान और आदर देना चाहिए। माता–पिता और हमारे गुरू ही ऐसे शख्स हैं जो हमें सदा अपने से आगे देखना चाहते हैं। हमें अपनी विशेषता से अपना लक्ष्य हासिल करने का जज्बा और हौंसला भी होना चाहिए। यदि हमारी योग्यताओ का ठीक से इस्तेमाल नहीं हो रहा तो वह योग्यताए व्यर्थ साबित होने लगती है। इसलिए समय समय पर गुरूओं के सम्पर्क में जरूर आना चाहिए क्योंकि वे हमारे गुरूर को कम करके हमें निर्मल बनाते हैं जो मानवता में अपने आपको आगे ले जाता हैं। रिश्तों के बाजार में वही व्यक्ति हमेशा अकेला रह जाता है। जो दिल और जुबान से स्पष्ट विचार ओर रखता हैं यह आज के लिए हैं। स्पष्ट विचार रखना भी अक्सर गलत हो जाता है। लेकिन हमेशा सकारात्मक विचारों के साथ अपने आपको और अपने विचारों को समय समय पर चैक करते रहे और गुरूजनों का सम्मान करें। **जय हिन्द।जय भारत।**

## ओउमाश्रय सेवा धाम में नारी सम्मान रक्षक श्रीकृष्ण और आज का वातावरण विषयक व्याख्यान



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** नारी सम्मान रक्षक संयमी सदाचारी सत्य धर्म न्याय दुनिया के महान यज्ञिक योगीराज श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव ओउमाश्रय सेवा धाम में नारी सम्मान रक्षक श्रीकृष्ण और आज आज का वातावरण विषयक संगोष्ठी कर मनाया गया। वैदिक चिंतक एवं ओउमाश्रय संचालक यशपाल यश ने कहा कि रुक्मिणी से विवाह के पश्चात वारह वर्ष तक वदिका आश्रम में केवल वेर खाकर घोर तप साधना स्वाध्याय उपासना योग यज्ञ करने वाले आप्त पुरुष थे। यश ने कहा कि मजमेवाजों ने गोपियों से सहवास करने स्नान करती गोपियों के वस्त्र उठाने वाला आंखों को मटकाने चूड़ी बेचने वाला बनाकर वासनोत्तेजक चित्रण किया है जो धर्म प्रधान भारत की गरिमा घटा रहा है। यश ने कहा इसीलिए आज भारत में मातृशक्ति के साथ वीभत्स दृश्य दिखाई दे रहे हैं। यश ने कहा कि नारी सम्मान हेतु महाभारत के सृजनकर्ता महान यज्ञिक थे जो यज्ञको ही मुक्तिसाधन तथा यज्ञ के अतिरिक्त कार्यो को वंधनकारी मानते थे। इस अवसर पर ओमाश्रय बानप्रस्थ आश्रम की संतोष नारायण शर्मा ने यज्ञ कराया राजेश गोयल मुख्य यजमान रहे। प्रभुजी दिलीप सक्सेना ने श्री कृष्ण के आध्यात्मिक गीत गाए। मानसरोवर महिला आर्य समाज प्रधान सरोज कालरा, रीना, निर्मल वार्ष्णेय सुनीत नेहरा डॉ रामावतार गुप्ता राकेश चोपड़ा आदि जन्माष्टमी मनाने आए।

संस्कृत शिक्षक दिवस पर समारोह का आयोजन

# अंतरिक्ष विज्ञान के लिए सबसे उपयुक्त भाषा संस्कृत सिद्ध हुई हैः प्रो.जयकुमार

**परिष्कार पत्रिका।** संस्कृत दिवस के अवसर पर यहां आयोजित संस्कृत समारोह उत्सव में मुख्य अतिथि प्रो. जयकुमार जैन जयपुर ने संस्कृत को विश्व की प्राचीनतम भाषा बताते हुए बताया कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने सन 1977 में यह स्वीकार किया कि संस्कृत सभी भाषाओं के निकट है। नासा ने भी अपने प्रकाशन के जुलाई 1987 के अंक में कम्प्यूटर के लिए सबसे उपयुक्त भाषा संस्कृत को माना है। अंतरिक्षमें संदेश भेजे जाने के लिए संस्कृत सबसे बेहतर भाषा है। अंग्रेजी व अन्य भाषाओं में संदेश भेजे जाने पर उनमें शब्द आगे–पीछे और गलत हो जाते हैं, लेकिन संस्कृत में भेजे संदेश का अर्थ यथावत रहता है। अंतरिक्ष विज्ञान के लिए संस्कृत आवश्यक है और संस्कृत साहित्य में समस्त अंतरिक्ष विज्ञान समाहित है। वैदिक साहित्य संस्कृत में है और जैन साहित्य भी बहुतायत से संस्कृत में है। उन्होंने यहां जैन विश्वभारती संस्थान के संस्कृत व प्राकृत विभाग द्वारा मंगलवार को आयोजित इस समारोह में बताया कि सम्पूर्ण जगत की प्राचीन भाषाओं में संस्कृत के साथ प्राकृत का भी महत्व है। भारत के प्राचीन शिलालेखों में प्राकृत भाषा का प्रयोग हुआ था। सम्राट अशोक महान और कलंग विजेता खारवेल के शिलालेख प्राकृत में मिलते हैं। संस्कृत के साथ प्राकृत के अध्ययन को भी महत्व दिया जाना चाहिए। उन्होंने जहां साहित्यिक भाषा संस्कृत को बताया, वहीं लोकभाषा के रूप में प्राकृत को समानान्तर बताया।

**विज्ञान की भाषा है संस्कृत :** जसवंतगढ के तापड़िया संस्कृत महाविद्यालय के प्रो. चन्द्रशेखर ने कार्यक्रम में सारस्वत अतिथि के रूप में अपना सम्बोधन संस्कृत में देते हुए कहा कि प्राचीन काल में श्रावणी पर्व पर शाला में प्रवेश की व्यवस्था थी। प्रवेश के बाद संस्कृत में भी समस्त आचरण किए जाते थे। इसी दिन को अब संस्कृत दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने इस विज्ञान युग में और वायुयान युग में संस्कृत को विज्ञान की भाषा बताया और कहा कि हमारा प्राचीन ज्ञान–विज्ञान बेहतर था। हमारे यहां तो पुष्पक विमान के मात्र चिन्तन संचालन का उल्लेख मिलता है। उन्होंने प्राचीन भारतीय वैज्ञानिक बोधायन का उल्लेख करते हुए कहा कि जो पाइथागोरस ने खोज की वह तो बोधायन बहुत पहले कर चुके थे। उन्होंने संस्कृत को तनाव व रुग्णता दूर करने वाली भाषाबताया। संस्कृत भारतीसंस्था के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि संस्कृत भारती का मुख्य उद्देश्य है, संस्कृत का प्रचार–प्रसार करना और संस्कृत–संभाषण सिखाकर इसे फिर से व्यावहारिक भाषा बनाना। उन्होंने संस्कृत भारती के संस्कृत–संभाषण शिविरों में दस दिन तक प्रशिक्षण द्वारा बच्चों को संस्कृत में संभाषण योग्य बनाने की जानकारी दी। साथ ही बताया कि पत्राचार द्वारा संस्कृत अध्ययन भी करवाया जाता है। संस्कृत परिवार योजना, संस्कृत ग्राम योजना और संस्कृत बालकेन्द्र संचालन के बारे में भी बताया।

**समस्त क्रियाकलापों से जुड़ी भाषा है संस्कृत :** समारोह में सारस्वत विद्वान प्रो. दामोदर शास्त्री ने कहा कि भारत की प्रतिष्ठा संस्कृत व संस्कृति की रक्षा से ही है। उन्होंने बताया कि संस्कृत से वाणी शुद्ध होती है। पाणिनी ने तीन शास्त्रों की रचना की, वैद्यक, योगशास्त्र एवं व्याकरण। इनमें वैद्यक शरीर की शुद्धि करता है, योग मन को शुद्ध बनाता है और व्याकरण वाणी को शुद्ध करता है। उन्होंने श्रावणी पर्व पर उपाकर्म को क्षमावाणी पर्व के रूप में तथा वेदवाक्य 'एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्ति' को अनेकान्त का मूल बताया। उन्होंने कहा कि संस्कृत व प्राकृत परस्पर पूरक भाषाएं हैं। समारोह की अध्यक्षता करते हुए प्रो. जैनेन्द्रकुमार जैन ने कहा कि जीवन के समस्त क्रियाकलापों व दिनचर्या से जुड़ी हुई भाषा है संस्कृत। हम पूजा पद्धति में संस्कत का ही इस्तेमाल करते हैं। जीवन का हर पहलु संस्कृत से जुड़ा हुआ है। इसमें दैनिक व्यवहार, व्यापार, सामाजिक जीवन, व्यक्तिगत जीवन, मानवीय मूल्यों की उद्भावनाएं आदि सभी संस्कृत साहित्य से ही मिलती है। उन्होंने राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, जो अब केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय बन चुका है के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में मुमुक्षु बहिनों ने भी संस्कृत में अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रारम्भ में स्वागत वक्तव्य डा. समणी संगीतप्रज्ञा ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम मंगलाचरण से प्रारम्भ किया गया। अंत में डा. सत्यनारायण भारद्वाज ने आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन सब्यसाची सारंगी ने किया।

राष्ट्र स्तरीय अवार्ड समारोह 22 अक्टूबर को

## समर्पण संस्थान द्वारा समर्पण समाज गौरव 2023 अवार्ड के लिए प्रविष्टियाँ आमंत्रित



**संस्था पदाधिकारियों ने किया समारोह के पोस्टर का विमोचन**

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** मानवता व परोपकार के लिए समर्पित समर्पण संस्था द्वारा समाज व राष्ट्र हित में उत्कृष्ट काम करने वाले व्यक्तियों से ''समर्पण समाज गौरव 2023 ''अवार्ड हेतु राष्ट्र स्तर पर गूगल फॉर्म में नामांकनप्रविष्टियाँ आमन्त्रित की गई है। कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन संस्था पदाधिकारियों ने कार्यालय में किया। इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष आर्किटेक्ट डॉ. दौलतराम माल्या के साथ सचिव कमल नयन खण्डेलवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष व सेवानिवृत्त आई आरएएस सी. एल. वर्मा, वस्त्र बैंक प्रभारी शेखर चन्देल उपस्थित रहे। संस्थापक अध्यक्ष आर्किटेक्ट डॉ. दौलत राम माल्या के अनुसार नामांकन प्रविष्टियाँ अन्तिम तिथि 10 सितम्बर तक ही स्वीकार की जायेगी। समर्पण समाज गौरव 2023 अवार्ड समाज सेवा, शिक्षा, कला, खेल, महिला सशक्तिकरण, आध्यात्म, पर्यावरण, चिकित्सा, सामाजिक न्याय, साहित्य, शोध व आविष्कार, पत्रकारिता, बिजनेस, योग आदि 14 श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चयनित 50 व्यक्तियों को दिया जायेगा। संस्था द्वारा इसके लिए भव्य अवार्ड समारोह रविवार, 22 अक्टूबर को प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक जयपुर में दुर्गापुरा स्थित राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान के "सियाम ऑडिटोरियम" में आयोजित किया जायेगा।

# केन्द्रीय विद्या मंदिर स्कूल में मनाया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व







**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** केंद्रीय विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल कटेवा नगर जयपुर में शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बालकृष्ण झांझरिया थे। कार्यक्रम अध्यक्षता लाल किशोर गुप्ता ने की। विद्यालय के 20 अध्यापकों को बालकृष्ण झांझरिया ने दुपट्टा ओढ़ाकर, बैग व पेन देकर सम्मानित किया। इस मौके पर शिल्पा पारीक कानेड़िया कॉलेज जयपुर की प्रोफेसर को बाल कृष्णा झांझरिया ने दुपट्टा उड़ाकर व स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया। केन्द्रीय विद्यामंदिर सीनियर सैकंडरी स्कूल के निदेशक विकासशर्मा ने बताया कि इस अवसर पर सभी अतिथियों ने विद्यालय के शिक्षकों का सम्मान किया और शिक्षक दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर परिष्कार पत्रिका के संपादक रविसिंह किरार को दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया।

देवस्थान विभाग ने दी सभी यात्रियों को शुभकामनाएं

## पवित्र धाम तिरूपति की यात्रा के लिए प्रस्थान करते सीनियर सिटीजन



**परिष्कार पत्रिका की मुख्य संरक्षक शीलादेवी और निदेशक श्रवणसिंह किरार भी तिरूपति यात्रा के लिए रवाना**

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** रास्थान सरकार के देवस्थान विभाग ने वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना–2023 के अन्तर्गत 6 सितंबर को छः दिन के लिए तिरूपति धाम की यात्रा के लिए रवाना किया। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार की योजना का वरिष्ठजन के प्रति श्रद्धा का भाव रखते हुए यह योजनाशुरू की गई है। इस योजना में सभी चयनित वरिष्ठजनों को दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन से रवाना किया गया। सभी तीर्थ यात्रियों ने परिष्कार पत्रिका से अपनी खुशी व्यक्त की और उन्होंने राज्य सराकार को इसके लिए बहुत बहुत बधाई दी। यात्रा का सम्पूर्ण खर्चा देवस्थान विभाग वहन करेगा। तीर्थ यात्रियों के साथ एक डॉक्टरर्स की टीम को भी शामिल किया गया है ताकि उन्हे किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो।



परिष्कार पत्रिका की मुख्य सरंक्षक शीलादेवी और निदेशक श्रवण सिंह किरार भी देवस्थान विभाग की तिरूपति धाम की यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने राज्यसरकार और विभाग के अधिकारियों और व्यवस्थापकों को इसके लिए बहुत बहुत शुभकामनाएं दी। इसके लिए उन्होंने परिष्कार पत्रिका के सभी सदस्यों को भी शुभकामनाएं दी। पत्रिका के सभी सदस्यों ने उनकी सुखदयात्रा के लिए मंगलकामनाएं की।

## ज्ञानदीप स्कूल में मनाया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** ज्ञानदीप पब्लिक सीनियर सैकंडरी स्कूल में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर नन्हें नन्हें विद्यार्थी बने कृष्ण और राधा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी। उन्होंने विद्यालय में प्रथम आने वाले छात्र छात्राओं को प्रशस्तिपत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापकों को भी सम्मानित किया गयो। विद्यालय के निदेशक गोपाल गुर्जर ने सभी को शुभकामनाए दी और विद्यालय की गतिविधियों से भी अवगत कराया। सम्मानन समारोह के अवसर पर छात्र–छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया।




राजस्थान आवासन मण्डल
हमारा प्रयास - सबको आवास

योजना प्रारंभ दिनांक: 19 जून, 2023

जयपुर के प्रताप नगर में हल्दी घाटी मार्ग पर स्थित
देश के पहले कोचिंग हब में
निर्मित संस्थानिक सम्पत्तियों को अब तृतीय चरण में
इच्छानुसार पाने का सुनहरा मौका

" खुद चुनो–खुद खरीदो "

आकर्षक ब्याज दरों पर बैंक लोन उपलब्ध




सोमवार से बुधवार ऑनलाइन आवेदन करें

ऑनलाइन आवेदन
प्रत्येक सोमवार प्रातः 10:00 बजे से बुधवार सायं 4:00 बजे तक

'ओपन काउंटर सेल' की तर्ज पर तीसरे चरण का आवंटन

आवंटन का दिवस और समय
प्रत्येक बुधवार को सायं 4:30 बजे

मनचाही निर्मित संस्थानिक सम्पत्ति का चयन करें
• मौका देखकर
• मंडल की वेबसाइट पर

उपलब्ध कोचिंग परिसरों (सम्पत्तियों) का विवरण :-

| क्र.सं. | निर्मित क्षेत्रफल का वर्गीकरण | उपलब्ध संख्या | सुपर बिल्टअप क्षेत्रफल (वर्गफीट) | दर प्रति वर्गफीट | कीमत (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1(i) | Type-I (Ground & Ist Floor) | 02 | 8025.56 | 4619.69 | 3,70,75,600 |
| 1(ii) | Type-I (Pair) (Ground & Ist Floor) | 03 | 16051.12 | 4619.69 | 7,41,51,200 |
| 1(iii) | Type-I (2nd & 3rd Floor) | 06 | 8025.56 | 4490.69 | 3,60,40,300 |
| 1(iv) | Type-I (Pair) (2nd & 3rd Floor) | 02 | 16051.12 | 4490.69 | 7,20,80,600 |
| 2(i) | Type-II | 11 | 4012.72 | 4233.86 | 1,69,89,300 |
| 2(ii) | Type-II (Pair) | 06 | 8025.44 | 4233.86 | 3,39,78,600 |
| 3 | Type-III | 14 | 2808.79 | 4233.92 | 1,18,92,200 |
| 4 | Type-IV | 09 | 2409.91 | 4233.85 | 1,02,03,200 |
| 5 | Type-V | 13 | 2424.65 | 4233.84 | 1,02,65,600 |

नोटः- उपरोक्त कीमत के अतिरिक्त नगर निगम को देय 15 प्रतिशत राशि एवं अन्य विधि व्यय पृथक से देय होंगे।

शर्तें एवं भुगतान प्रक्रिया। • पंजीकरण हेतु आवेदन शुल्क 5000/- रुपये (18%GST अतिरिक्त) • प्रोसेसिंग फीस राशि 10000/- (18% GST अतिरिक्त) • 50 प्रतिशत राशि (पंजीकरण राशि समायोजित करते हुए) आवंटन पत्र जारी होने की तिथि से 120 दिवस में जमा करानी होगी। • शेष 50 प्रतिशत राशि आवंटन पत्र जारी होने की तिथि से 180 दिवस में जमा करानी होगी। • आवंटन पश्चात् संस्था आवंटित क्षेत्रफल में आन्तरिक साज-सज्जा का कार्य करवा सकेगी। परन्तु आवंटित सम्पत्ति का विधिवत कब्जा सम्पूर्ण राशि जमा कराने के पश्चात् ही दिया जा सकेगा। • आवंटी संस्था द्वारा विधिवत कब्जा प्राप्त करने से तीन माह की अवधि में संस्था संचालन की कार्यवाही करनी अनिवार्य होगी।

किसी सम्पत्ति के लिए एकल आवेदन आने पर बिना लॉटरी के एवं एक से अधिक आवेदन आने पर लॉटरी से आवंटन किया जाएगा।

संस्थानिक सम्पत्ति के चयन के लिए मौके पर स्थापित "हैल्प डेस्क" पर संपर्क करें

अब तक 63 यूनिट्स कोचिंग संचालकों को आवंटित, शेष यूनिट्स के लिए आवेदन आमंत्रित हैं।

हेल्पलाइन नं. कार्यालय समय में: 0141-2744688, 2740009 कार्यालय समय उपरान्तः 9461054291/92/319 एवं 9460254319, शांतनु वार्ष्णेय (9983131666), पवन सोनी (8852000770) या समन्वयक अधिकारी श्री भारत भूषण जैन (9828363615) से सम्पर्क करें

RHB वेबसाइट के लिए Scan करें

मौके की हेल्प डेस्क की लोकेशन के लिए Scan करें

Rera Reg. No.: RAJ/P/2022/2068 | RERA Website: http://rera.rajasthan.gov.in

अधिक जानकारी एवं ऑनलाइन आवेदन के लिए RHB की वेबसाइट www.urban.rajasthan.gov.in/RHB देखें।


## परिष्कार मैरिज ब्यूरो

### वधु चाहिए

आवश्यकता है 27 वर्षीय एमए पास प्राइवेट बैंक में कार्यरत लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः खटक, डाबला, कायथ। पो.बा. नं. 407, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 27 वर्षीय बीए एलएल बी पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः अटकाण, पचेरवाल, गहलोत। पो.बा. नं. 406, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 25 वर्षीय 12वीं पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः किरार, मोरवाल, डाबला। पो.बा. नं. 395, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 27 वर्षीय बीकॉम पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः निर्वाण, मौर्या, कायथ। पो.बा. नं. 404, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 30 वर्षीय स्नातक पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः सीलण, खर्रा, बमणिया। पो.बा. नं. 402, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है दिल्ली में कार्यरत 34वर्षीय बीए एलएलबी एडवोकेट लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः डाबला, मोरवाल, सोलंकी। पो.बा. 513 ए, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है जोधपुर हाईकोर्ट में कार्यरत 32 वर्षीय बीए एलएलबी एडवोकेट लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः डाबला, मोरवाल, सोलंकी। पो.बा. 513 बी, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 25 वर्षीय एमए लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः डाबला, किराड़, निर्वाण। पो.बा.509, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 24 वर्षीय बीए लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः फरण्ड, कायथ, निर्वाण। पो.बा. 507, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 30 वर्षीय ग्रेजुएट लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः खर्रा, निर्वाण, सोलंकी। पो.बा.506, सम्पर्क करें 9314407796

------------

### वर चाहिए

आवश्यकता है 25 वर्षीय, एग्रीचल्चर साईटिस्ट लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः कायथ, लुगरिया, मावर। पो.बॉ. 525, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 24 वर्षीय, बीए, एम ए लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः किराड़, इन्दौरा, दैराण। पो.बॉ. 373, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 25 वर्षीय, बीए, लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः मावर, डाबला, गहलोत। पो.बॉ. 376, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 22 वर्षीय, बीए टीचर की तैयारी लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः लुगरिया, डाबला, निवार्ण। पो.बॉ. 359, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 22 वर्षीय, बीए, प्राइवेट जॉब लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः मावर, सीलण, होटला, पो. बा. 262, सम्पर्क करें 9314407796,

आवश्यकता है 25 वर्षीय, एमकॉमपास लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः खनगवाल, मोरवाल, तुर्किया, इन्दौरा। पो.बॉ. 510, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 21 वर्षीय, बीए पास लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः इन्दौरा, कटारिया, लुगरिया। पो.बॉ. 508, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 25 वर्षीय, बीए पास लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः लुगरिया, मावर, डाबला, अटकाण। पो.बॉ. 398 , सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 32 वर्षीय, बीए लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः किरार, डाबला, सीलन पो.बॉ. बी-1 एफ, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 23 वर्षीय, बीएससी लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः निर्वाण, बावलिया, खर्रा पो.बॉ. बी-2 एफ, सम्पर्क करें 9314407796

# नव नियुक्त नगर निगम ग्रेटर आयुक्त बाबूलाल गोयल ने संभाला कार्यभार



**परिष्कार पत्रिका।** नगर निगम ग्रेटर के नवनियुक्त आयुक्त बाबूलाल गोयल ने कार्यभार संभाला। निवर्तमान आयुक्त महेन्द्र सोनी ने नवनियुक्त आयुक्त को कार्य भार संभलवाया। इस मौके पर निगम के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने निर्वतमान आयुक्त महेन्द्र सोनी को भावभीनी विदाई भी दी। सभी अधिकारियों ने महेन्द्र सोनी के कुषल प्रबंधन, प्रभावी नेतृत्व क्षमता की तारीफ करते हुए उन्हें भविष्य की शुभकामनाएं दी। नवनियुक्त आयुक्त बाबूलाल गोयल ने कहा कि आमजन के काम चाहे वह जन्म–मृत्यु/विवाह प्रमाण पत्र हों, किसी प्रकार की एनओसी हो, भवन निर्माण स्वीकृति हो या कोई भी काम जो आमजन से जुड़ा है। उसे समयबद्ध और सुव्यवस्थित तरीके से करवाना हमारी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि जयपुर शहर को साफ, सुन्दर और ग्रीन सिटी बनाने के लिये विशेष प्रयास किये जायेंगे। मीडिया से मुखातिब होते हुये आयुक्त ने कहा कि नगर निगम ग्रेटर के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी एक टीम के रूप में कार्य करेंगे। नगर निगम आमजन से जुड़ा हुआ विभाग है। जनप्रतिनिधियों से भी सांमजस्य बनाकर संवाद किया जायेगा।

# शिक्षक दिवस पर शिक्षा के साथ संस्कार भी जरूरी है



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** वर्गो सांस्कृतिक संस्था की ओर से हैप्पी सी. सै. स्कूल गंगापोल दरवाजा बाहर बदनपुरा जयपुर में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य मे अध्यक्ष रुपाली राव सचिव रवि कश्यप के निर्देशन में शिक्षा के साथ संस्कार भी जरूरी है पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके अध्यक्षता प्रधानाचार्य अमित शर्मा ने महान शिक्षाविद, देश के द्वितीय राष्ट्रपति सर्वपल्लवी राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया इसके बाद बच्चो ने बाद– विवाद, भाषण, संगीत आदि आर्कषण रहा छात्र–छात्राओं गुरु और शिक्ष्य की परमपर) को बकरार रखते हुए सभी शिक्षको को गिफ्ट देकर उनके पैर छूकर उनका आर्शिवाद लिया इसी कड़ी में शिक्षा के साथ संस्कार भी जरूरी है सामान्य–ज्ञान लिखित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके विजेताओं ट्राफी गोल्ड एवं ब्रॉज मैडल व प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया तथा साथ ही 20 सांत्वना पुरस्कार पैन दिए गए। कार्यक्रम के दौरान सूचना मंत्री सुनील जैन ने पत्रकारों को डायरी व पैन देकर सम्मानित किया।

# दुख दुर्गुण दुर्वयसनों से छुटकारे और अच्छे गुण कर्म स्वभाव पदार्थ पघप्ति हेतु करते हैं ईश्रर की स्तुति प्रार्थना उपासना : यश



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** निराश्रित जन सेवा के साथ यज्ञ एवं संस्कार निर्माण त्रिवेणी ओमाश्रय सेवा धाम में जन्म दिन वैवाहिक वर्षगांठ मनाने आने वाले युवा महिला पुरुष वच्चों को शराबादि नशों, अवसाद कोधादि मानसिक विकारों फास्ट वजंकफूड हानिकारक पेय पदार्थों से वचाकर पौष्टिक सात्विक आहार लेने हेतु संकल्पित कराया जा रहा है।

वैदिक चिंतक एवं अभियान संचालक यशपाल यश ने वताया कि विगत माह में आधा दर्जन से अधिक शिक्षित आर्चीटैक्ट, पत्रकार, व्यवसाईओं ने शराब आदि नशीले पदार्थों का सेवन छोड़ने की प्रतिज्ञा ली जिसका पालन कर रहे हैं। यश ने कहा कि यज्ञ से पहले हम दु:ख दुर्गुण दुर्व्यसनों को छोड़ अच्छे गुण कर्म स्वभाव और पदार्थ पघप्ति हेतु ईश्वर की स्तुति प्रार्थना उपासना करते हैं।

यश ने कहा कि अच्छे मानव समाज निर्माण हेतु लोगों का मिल रहा समर्थन और सहयोग उत्साह जनक है। यज्ञ में आहुतियां दे संकल्पित होने वाले ठेकेदार सुरेश चंद वैरवा पुत्र के, रूपनारायण, मनोज कुमार, किशन लाल भतीजे के जन्मदिन पर वरिष्ठ पत्रकार विजय शर्मा खुद के जन्मदिन आर्चीटैक्ट वीरेंद्र गर्ग अपने जन्मदिन पर मुख्य रहे। अन्य महिला पुरुष वच्चों ने तम्बाकू गुटखा पान मसाला, फास्ट जंक फूड एंड हानिकारक पेय पदार्थों तथा अवसाद कघेध छोड़ने संकल्पित हुए।

# जन्माष्टमी पर्व पर छात्राओं ने दी गीत, भजन और नृत्यों की प्रस्तुतियां



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** लाडनूं में कृष्ण जन्माष्टमी के पर्व पर यहां जैन विश्वभारती संस्थान के शिक्षा विभाग में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रा अध्यापिकाओं ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी। मानसी जोशी मंजू ने 'राधा रमन हरे गोविन्द' गीत पर तथा कोमल प्रजापत व नेहा बैद ने 'कान्हा सुजासरा' गीत पर युगल नृत्य प्रस्तुत किया। मुस्कान बल्खी, अनिषा खीचर, राधा ने भजन व कविता प्रस्तुत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विभागाध्यक्ष प्रो. बी.एल. जैन ने कहा कि श्रीकृष्ण मानवीशक्तिके महामानव थे। उनका जन्मदिन जन्माष्टमी पर्व के रूप में मानव जाति के कल्याण के लिए अनुकरणीय परम्पराओं का द्योतकहै। कृष्ण के विविधता पूर्ण जीवन से सबको प्रेरणा लेनी चाहिए। पूर्व प्रभारी डॉ. सरोजराय ने कहा कि कृष्ण ने समाज में मानवीय मूल्यों की पुनर्स्थापना की थी। उनका जीवन अनुकरणीय है।

# लक्ष्मण सिंह सीनियर को जिला स्तर पर सम्मानित किया



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय मानसरोवर के वरिष्ठ अध्यापक लक्ष्मण सिंह सीनियर को शिक्षक दिवस 5 सितंबर को जिला स्तर पर सम्मानित किया। लक्ष्मण सिंह सीनियर को पुरस्कार स्वरूप ताम्रपत्र, प्रशस्त पत्र,शॉल एवं 11,000 रूपए का चैक प्रदान किया गया। सीनियर इस पुरस्कार राशि को विद्यालय में पंखे लगवाने व विद्यार्थियों के हित में खर्च किए जाएंगे। ऐसे शिक्षक समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनकर शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों का चहुमुखी विकास में अपना योगदान दे रहे हैं। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या अनुचौधरी ने भी शुभकामनाएं देते हुए आभार प्रकट किया।

## बेटी की पुकार

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।**

भोली–भाली, सीधी–सादी,
तेरे अंग से लिपटी हूं।
अंश हूं तेरी रूह का,
मां मैं तेरी बेटी हूं।

जन्म दिया है तूने मुझको,
फिर क्यूं मुंह फेर लिया।
छोड़ अकेला दुनिया में,
क्यो मुझको यू गैर किया।

संसार बड़ा निर्दयी है मां,
कोमल काया मेरी है।
डर लगता है लोगों से,
दे ममता की छांव मुझे मां,

कोख में रख कर तून मुझे
हर पल महसूस किया।
हुआ कसूर क्या मुझ से बता
क्यों अपने से दूर किया।

आंख खुली तब अपने को,
झाड़ी और कचरे में पाया।
लहू–लुहान हुआ
तन–मन मेरा
ना थी तू,
ना तेरी ममता की छाया।

देश मेरा क्या हाल बुरा है,
दर्द से मैं रोती हूं।
अंश हूं तेरी यह का,
मां मै तेरी बेटी हूं।।

नन्हीं–मुन्नी हर बेटी की,
है यही पुकार।
यूं ना खुद से दूर करो,
दो हमें भी प्यार।।

दो हमें भी प्यार,
हां, दो हमें भी प्यार।।



**माया पचेरवाल**
व्याख्याता,
जयपुर
राज.

# राजस्थान निर्यात संवर्धन परिषद की तीसरी वार्षिक साधारण सभा की बैठक

# निर्यातकों के लिए शीघ्र शुरू होगी हेल्पलाईन : राजीव अरोड़ा



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** उद्योग भवन में राजस्थान निर्यात संवर्धन परिषद की तीसरी वार्षिक साधारण सभा की बैठक आयोजित हुई। बैठक का आयोजन चौयरमेन राजीव अरोड़ा की अध्यक्षता में हुआ। बैठक में परिषद के चौयरमेन राजीव अरोड़ा द्वारा परिषद के महत्वपूर्ण कार्यों की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि निर्यातकों को वैश्विक पटल पर निर्यात बढ़ाने हेतु परिषद द्वारा हर संभव मदद उपलब्ध करवाई जा रहा है। उन्होंने कहा कि जोधपुर में विश्वस्तरीय कन्वेंशन एवं एक्जीबिशन सेंटर बनने की प्रक्रिया शुरू चुकी है, इसके निमार्ण से सफल एक्सपो के आयोजन सुनिश्चित हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि जुलाई 2023 में केन्या की राजधानी नैरोबी में आयोजित हुए इंडो ईस्ट अफ्रीका ट्रेड एक्सपो में परिषद ने सफल भूमिका निभाते हुए प्रदेश के निर्यातकों को वैश्विक मंच उपलब्ध कराया। उन्होंने बैठक में बोर्ड सदस्यों को जानकारी देते हुए बताया कि अक्टूबर माह तक राज्य स्तरीय एक्सपोर्ट हेल्पलाइन प्रारंभ की जा जाएगी जिससे निर्यातकों को सभी प्रकार की जानकारियां प्राप्त होगी।

उन्होंने कहा कि आरईपीसी स्थाई भवन हेतु भूमि आवंटन के लिए जयपुर विकास प्राधिकरण से निरंतर संवाद किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आरईपीसी में कार्य करने हेतु अधिकारी कर्मचारियों को प्रतिनियुक्ति, अस्थाई रूप से भर्ती एवं कॉन्ट्रैक्ट आदि माध्यम से लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की औद्योगिक नीतियों, निर्यात प्रोत्साहन कार्यक्रमों और अभियानों के सफल क्रियान्वयन से निर्यातकों और निर्यात को गति मिली है। वर्ष 2017–18 में राजस्थान से निर्यात 46,476 करोड़ रुपए था, जो वर्ष 2022–23 में बढ़कर 77,771 करोड़ रुपए हो गया। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव वीनू गुप्ता, आयुक्त उद्योग एवं वाणिज्य विभाग सुधीर कुमार शर्मा, कृषि विभाग के सचिव डॉ. पृथ्वीराज, वीसी के माध्यम से राजस्थान फाउंडेशन के आयुक्त धीरज श्रीवास्तव, निदेशक पर्यटन विभाग रश्मि शर्मा, सहित बोर्ड सदस्य एवं आरईपीसी के अधिकारी मौजूद रहे।

# गौसेवा-मानव सेवा से जुड़े सात लोगों को मिला सम्मान

# संत कुलरिया की स्मृति एवं आह्वान समिति के स्थापना दिवस पर अली–गनी, रहमान ने समां बांधा



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** संत दुलाराम कुलरिया की स्मृति और आह्वान जनकल्याण एवं सेवा समिति स्थापना के 9 वर्ष पूर्ण होने पर पिंकसिटी प्रेस क्लब में आह्वान दिवस मनाया गया। प्रसिद्ध माण्ड गायक एवं संगीतकार उस्ताद अली–गनी बंधु, रहमान अली और आदिवासी /असहाय बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्र मुग्ध कर दिया। समिति अध्यक्ष नरेश चंद राय ने बताया कि गौसेवा–मानव सेवा का संकल्प लेकर हमारी संस्था भामाशाह भंवर–नरसी–पूनम कुलरिया के संरक्षण में विगत कई वर्ष से सेवाएं दे रही है। आह्वान दिवस पर 40 से अधिक फिल्मों में गीत–संगीत दे चुके बीकानेर के सुप्रसिद्ध मांड गायक उस्ताद अली– गनी बंधुओं ने भजनों एवं लोकप्रिय गीतों से श्रोताओं का मन मोह लिया। इस अवसर पर बाल संबल के आदिवासी/असहाय प्रतिभावान बच्चों ने गणेश वंदना और देशभक्ति से ओतप्रोत ऊर्जावान प्रस्तुतियां देकर ध्यान आकर्षित किया। सारेगामापा के रनर अप रहे हरफनमौला सिंगर रहमान अली की मखमली आवाज से माहौल खुशनुमा हो गया। समारोह के दौरान मुकुंद देव अग्रवाल को संत दुलाराम कुलरिया गौसेवा सम्मान, उदयपुर के डॉ. शैलेंद्र पण्डया को बाल सेवा सम्मान, डूंगरपुर के भरत नागदा को राजा राममोहन राय सम्मान, जयपुर के शिक्षाविद् रामनिवास सूद को अबुल कलाम आजाद सम्मान, नापासर उप सरपंच मंजू सुथार को रानी लक्ष्मी बाई सम्मान, बिंदायका के अशोक कुमार प्रजापत को मदर टेरेसा सम्मान एवं फिरोज खान को डिजीटल इंडिया सम्मान दिया गया। युवा लेखिका डॉ. प्रणु शुक्ला ने मंच संचालन किया। मुख्य अतिथि राजस्थान लघु उद्योग निगम अध्यक्ष राजीव अरोड़ा, राजस्थान मदरसा बोर्ड अध्यक्ष एमडी चौपदार, राजस्थान अनुस.चित जाति वित्त विकास आयोग उपाध्यक्ष अवधेश दिवाकर, पद्मश्री उस्ताद मोईनुद्दीन खान, पद्मश्री एस शाकिर अली, इकराम राजस्थानी, मनिन्दर सिंह बग्गा, सुभान खान, ऑल इंडिया ब्राह्मण फैडरेशन के राष्ट्रीय सचिव रमेश ओझा, सूफिया कॉलेज आर्फ ग्रुप के साबिर हुसैन विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री के विशेषाधिकारी और वरिष्ठ साहित्यकार फारूक आफरीदी ने की।

### इंदूव्यास की प्रथम पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन

# 9 सितंबर को सम्मान समारोह का आयोजन

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** व्यास सेवा संस्थान द्वारा स्वर्गीय इंदु व्यास की पुण्य स्मृति दिवस पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 9 सितंबर 2023 को व्यास सेवा संस्थान द्वारा उत्कर्ष संस्थान के सहयोग से इंदु व्यास की पुण्यतिथि पर सरकारी स्कूल के बच्चों की खेलकूद प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण तथा निशुल्क स्टेशनरी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में 400 बच्चे भाग लेंगे।

इस अवसर पर आपकी उपस्थिति विशिष्ट अतिथि के रूप में सादर प्रार्थनिय है हमें विश्वास है कि आप इस कार्यक्रम में पधारकर बच्चों को आशीर्वाद प्रदान करेंगे कार्यक्रम निम्न प्रकार से है कार्यक्रमको वेलकम बालाजी मैरिज गार्डन चरण नदी प्रथम दंकप के फाटक के आगे जयपुर। इसमें खेलकूद प्रतियोगिता प्राप्त 9:15 से 11:15 बजे तक होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रात: 11:15 बजे से 12:30 तक। आशीर्वचन दोपहर 12:30 बजे से 1:00 बजे। पुरस्कार एवं स्टेशनरी वितरण दोपहर 1:00 बजे से 2: 00 बजे।

कार्यक्रम में पधार कर कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाएंगे एवं बच्चों को आशीर्वाद प्रदान करेंगे।

जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं



राजीव कुमार वर्मा
सेवानिवृत्त शाखा प्रबंधक एसबीआई
लखनऊ, यूपी
मो. 9598170777, 8177050282

# हजारों जलदाय कर्मचारियों ने जल भवन पर किया हल्ला बोल विरोध प्रदर्शन





**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** जयपुर के जल भवन कार्यालय पर प्रांतीय नल मजदूर यूनियन इंटक के प्रदेशाध्यक्ष संजय सिंह शेखावत महामंत्री राजेन्द्र सिंह जनता जल योजना के अध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में हजारों की संख्या हल्ला बोल विरोध प्रदर्शन किया इस मौके पर कर्मचारियों ने रैली निकाल मुख्यमंत्री निवास की और कूच करने का प्रयास किया और पुलिस से कर्मचारियों की जबरदस्त मुठभेड़ हुई और जल भवन गेट पर चड़गए और गेट को तोड़ दिया पुलिस की समझाइश के बाद उन्होंने संघठन को मुख्यमंत्री के संयुक्त सचिव ललित कुमार व सीएस उषा शर्मा से वार्ता कराने का आश्वासन दिया गया। जल कर्मियों ने लम्बित 8 सूत्रीय मांगो के विरोध में हल्ला बोल प्रदर्शन किया। इस मौके पर संगठन के साथ भारी संख्या में जनता जल कर्मचारियों ने भी हुंकार भरी और अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री निवास की और कुंच करने का प्रयास किया अपनी माँगों को लेकर मुख्यमंत्री से निवारण करने की मांग की। जल कर्मियों की प्रमुख माँग हैं। जलदाय विभाग में तकनीकी वर्कचार्ज (कार्य प्रभावित ) राज्य कर्मचारियों की घोषणा के अनुरूप नियमित के आदेश जारी किये जायें। जनता जल योजना के कार्मिकों का वेतन बढ़ाये जाने के साथ जलदाय विभाग में स्थाई किया जायें। जलदाय विभाग में तकनीकी कर्मचारियों की नई भर्ती की जायें। जैसी लम्बित 8 सूत्रीय मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियो ने कहा कार्मिको की इन मांगों को लेकर निदान नही किया गया तो कर्मचारी टूलडॉऊन, आन्दोलन करेगा।

## शेष पृष्ठ 1 का शेष शिक्षक मिशन 2023

इन योजनाओं से हर वर्ग को राहत मिल रही है। स्वास्थ्य का अधिकार अधिनियम, न्यूनतम आय की गारंटी अधिनियम एवं गिग वर्कर्स के कल्याण के लिए बनाए गये कानून जैसे ऐतिहासिक निर्णय किए गए हैं, जिनकी सर्वत्र सराहना हो रही है। राज्य में प्रत्येक परिवार को 25 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कवर दिया जा रहा है, जो अन्यत्र कहीं नहीं है। राज्य में लगभग 1 करोड़ लोगों को सामा. जिक सुरक्षा पेंशन दी जा रही है। प्रदेश में 1.50 लाख किलोमीटर लम्बाई की सड़कें बन रही हैं। आर्थिक विकास दर में राजस्थान उत्तरी भारत में प्रथम एवं देश में दूसरे स्थान पर है।

**मानवीय दृष्टिकोण से लागू की पुरानी पेंशन :** मुख्यमंत्री ने कहा कि ओपीएस बहाली का निर्णय राजनीतिक वजह से नहीं बल्कि मानवीय दृष्टिकोण से किया गया है। वर्षों तक सरकार की सेवा करने वाले कर्मचारियों को केवल शेयर बाजार के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि ओपीएस बहाली के बारे में किसी ने सोचा भी नहीं था। इस फैसले का देश के अन्य राज्यों में भी प्रभाव पड़ा है और केन्द्र सरकार को भी इस सम्बन्ध में कमेटी बनानी पड़ी। इसी प्रकार, कर्मचारियों को स्वास्थ्य सुरक्षा देने के लिए आरजीएचएस योजना लागू की गई है। कोरोना के दौरान मृतक 330 कोरोना वॉरियर्स के आश्रितों को 165 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दी गई है। राज्य सरकार के ये निर्णय गुड गवर्नेंस के प्रतीक हैं।

**नवाचारों का हुआ शुभारम्भ :** समारोह में मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग के विभिन्न नवाचारों का शुभारम्भ किया। उन्होंने शाला दर्पण शिक्षक एप का लोकार्पण तथा नये फीचर्स से युक्त शाला सम्बलन 2.0 एप का अनावरण किया। साथ ही, राज्यमें 12हजार उच्च माध्यमिक विद्यालयों में ई–एजुकेशन उपलब्ध करवाने के लिए स्कूल आफ्टर स्कूल प्रोग्राम का शुभारम्भ भी किया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 'मिशन ज्ञान' के सहयोग से बोर्ड कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए स्कूल समय पश्चात सोशल मीडिया के माध्यम से लाइव कक्षाओं का आयोजन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने राज्य के 300 महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में स्थापित की गई रोबोटिक्स लैब्स का शुभारम्भ किया। इन लैब्स के माध्यम से विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीकी क्षेत्र का ज्ञान स्कूली स्तर से ही उपलब्ध हो सकेगा और वे निजी स्कूल्स के विद्यार्थियों के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। उन्होंने विद्यालयों में ई–कक्षाओं के संचालन के लिए मिशन स्टार्ट कार्यक्रम तथा राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल कम्प्यूटरीकरण प्रोग्राम का शुभारम्भ किया। समारोह में वेदान्तु इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड एवं लीडरशिप बुलेवर्ड प्रा.लि. (लीड) सहित विभिन्न संस्थानों के साथ एमओयू किए गए। कार्यक्रम में विभाग के नवाचारों पर आधारित शॉर्ट वीडियो फिल्म्स का प्रदर्शन भी किया गया।

शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला ने कहा कि शास्त्रों में गुरू का स्थान ईश्वर से भी ऊंचा बताया गया है। शिक्षक समाज में निरंतर आदर्श प्रस्तुत कर नई पीढ़ी के प्रेरणास्रोत बनें तथा विद्यार्थियों को संस्कार देकर उन्हें सांस्कृतिक प्रदूषण से बचाएं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खोलने सहित विभिन्न कदम उठाए हैं।

समारोह में शिक्षा राज्यमंत्री जाहिदा खान, उच्च शिक्षा राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव, तकनीकी शिक्षा राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग, शासन सचिव स्कूल शिक्षा विभाग नवीन जैन, माध्यमिक शिक्षा निदेशक कानाराम सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

# शिल्पाकर की भूमिका में शिक्षक देता विद्यार्थियों को मनचाहा स्वरूपः प्रो.जैन

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** जैन विश्वभारती संस्थान के शिक्षा विभाग व आचार्य कालू कन्या महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में छात्राओं ने शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विद्यार्थियों ने शिक्षकों का सम्मान किया। मुख्य अतिथि कुलसचिव व विभागाध्यक्ष प्रो. बीएल जैन ने कहा कि यह आस्था, श्रद्धा व सम्मान का कार्यक्रम है। शिक्षक को शिल्पकार बताते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को चाहे जैसे मोड़ कर कोई भी आकार दे सकते हैं। बीज में वृक्ष बनने की क्षमता होतीहै, लेकिन उसे समुचित सम्पोषण दिए जाने की जरूरत होती है। इसी प्रकार विद्यार्थियों की क्षमताओं को पहचान कर उन्हें समाज के लिए उपयोगी बनाने पर शिक्षकों का ध्यान रहना जरूरी है। ज्ञान प्राप्ति का उद्देश्य समाज के हित व कल्याण के लिए काम करना होना चाहिए। प्रो. रेखा तिवाड़ी ने कहा कि जीवन में ज्योति को पहचान कर समस्त समाज और मानव जाति के लिए अधिकतम कार्य करने के लिए तैयार रहना चाहिए। प्राचार्य प्रो. आनन्द प्रकाश त्रिपाठी ने प्राचीन भारतीय गुरू–शिष्य परम्परा में उदाहरण देते हुए तेरापंथ धर्मसंघ के गुरू आचार्यों की जानकारी दी।उन्होंने बताया कि गुरू ज्ञान का प्रतीक होता है।गुरू के बिना व्यक्ति का जीवन शबदहीन पुस्तक की तरह होता है। कार्यक्रम में कोमल प्रजापत व प्राची ने नृत्य की प्रस्तुतियां दी।

# सेंट सोल्जर विद्यालय में छाया शिक्षक दिवस का हर्षोल्लास




**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** सेन्टसॉल्जर पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में सम्मानीय अतिथि गण विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष, माननीय सरदार अजयपाल सिह, विद्यालय प्रबधन समिति कोषाध्यक्ष, सरदार जसबीर सिंह, गुरु नानक देव सत्संग सभा शिक्षा बोर्ड जनरल सचिव, सरदार बलदेव सिंह, भूतपूर्व विद्यालय प्राचार्या गुरबीर कौर कोहली, माननीया एच. के. राणा, गीता शोलापुरकर, उप प्राचार्या दीप्ति चौधरी, भूतपूर्व कॉलेज प्राचार्या अंजू कंसल, विद्यालय प्राचार्या सोनल शर्मा एवं कॉलेज प्राचार्या शुभा शर्मा उपस्थित रहे। सभी अतिथिगण सदस्यों का शॉल पहनाकर व उपहार देकर सम्मानित किया गया।

यह हमारे विद्यालय के लिए बहुत ही गौरव का विषय रहा कि सभी भूतपूर्व प्राचार्या व उप प्राचार्या को आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के तहतूतंबोला, पेपर फोल्डिंग डांस, म्यूजिकलचेयर,बेल. नहॉल्डिंग खेल, स्ट्रा और ऑलपिन गेम्स आदि प्रतियोगिताएँ रखकर कार्यक्रम को आनंदमय बनाया। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सरदार अजयपाल सिंह व सरदार जसबीर सिंह ने विद्यालय परिवार को उपहार देकर सम्मानित किया एवं शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ देकर अनुगृहीत किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्राचार्या सोनल शर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों व शिक्षकगणों का आभार व्यक्त कर शिक्षक दिवस की बधाई दी।

शिक्षक दिवस पर विद्यालयों में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन

# बच्चे तो हीरे हैं और अध्यापक जौहरी, जो उन्हें तराशते हैं : जयश्री पेरीवाल चैयरपर्सन

## शिक्षक दिवस पर सभी शिक्षकों को बधाई



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।**
**बीडी कल्ला**
**शिक्षा मंत्री**

सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं। शिक्षक ही हमारे देश के विकास में महत्वपूर्ण कड़ी है। जो युवाओं को तराशते हैं। शिक्षकों के लिए सरकार विभिन्न योजनाएं लागू कर रही है।

## सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।**
**महेश जोशी**
**केबिनेट मंत्री**

शिक्षकों को बधाई देते हुए चन्द्रयान पर पहुंचने वाले वैज्ञानिकों के शिक्षकों को भी याद किया। प्रधानमंत्री इंद्रागांधी ने राकेश शर्मा से पूछा कि अंतरिक्ष से भारत कैसा दिखता है तो जवाब मिला कि **सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा**।

## टीचर के प्रोफेशन को भी वही सम्मान दिया जाए जो इंजिनियरर्स, साईंटिस्ट और डॉक्टर्स को देते है।




**परिष्कार पत्रिका जयपुर।**
**जसबीर सिंह**
**पूर्व चैयरमैंन राजस्थान माईनोरिटी कमिशन**

टीचर्स का प्रोफेशन सबसे बेहतर प्रोफेशन है वही इंजिनियर्स, साईंटिस्ट, डॉक्टर्स बनाते हैं। इसलिए टीचरर्स को पूरा सम्मान दिया जाना चाहिए वे विद्यार्थियों का जीवन को प्रकाशित करते हैं और उन्हें नई नई उंचाईयों पर पहुंचाते हैं। हमें उनका आदर करना चाहिए।

## शिक्षकों का सम्मान करें यही संदेश हैं



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।**
**राजेन्द्र कुमार हंस**
**जिला शिक्षा अधिकारी**

शिक्षक कहते हैं जिन्हें उनकी हर बात को माननी चाहिए। क्योंकी शिक्षक कभी गलत नहीं कह सकते। चांद पर पहुंचने वालों को शिक्षकों ने ही आगे बढ़ाया हैं।

## सोसाईटी में कंट्रिब्यूशन करें



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।**
**बिशप आलवर्ड**

शिक्षक दिवस की सभी को शभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें अपनी सोसाईटी में कंट्रिब्यूशन करना चाहिए। देश में एकता और अखंडता के लिए प्रयास करने के लिए युवाओं को शिक्षित किया जाना चाहिए। अपना कुछ समय, धन सोसाईटी में सहयोग करें। इससे सोसाईटी के साथ–साथ देश का विकास होता हैं।

## संविधान की रक्षा करें



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।**
**फादर संगीथराज**
**प्रिंसिपल संत जेवियर कॉलेज**

सभी विद्यार्थियों को संविधान का पालन करते हुए उसकी रक्षा करना चाहिए और अनैकता में एकता के साथ अच्छे नागरिक बने।

## बच्चे हीरे हैं तो टीचर जौहरी



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।**
**जयश्री पेरीवाल**
**चैयरपर्सन**

अपने टीचर को शत–शत प्रणाम करो। वो ही आपकी ज्योति को प्रकाशित करते हैं। जो काम एक टीचर कर सकता है वो कोई अन्य प्रोफेशन में नहीं कर सकता हैं। बच्चे तो हीरे होते हैं और टीचर एक जोहरी होते हैं जिन्हें बच्चों को तराशना आता है।

## अपने आप को चेंज करें



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।**
**सिस्टर ब्रह्मकुमारी आर्गेनाईजेशन**

अपने आप को चैंज करें। अवेयरनेस लेकर आएं, सही क्या और गलत क्या। सही को धारण करें। हम सदा सकारात्मक शक्ति हैं। यदि अपने अंदर गंदगी आ जाए तो सफाई करनी होती है। इसलिए अपने आपको ईश्वर से जोड़े और खुश रहें।

## मानवीय मूल्यों भी सिखाएं



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।**
**सुनैना नागपाल**
**प्रिंसिपल**
एल्फा इंटरनेशनल एकेडमी

देश का नाम रौशन करों परिवार का नाम रौशन करों। बड़ों की ड्यूटी है युवाओं को मानवीय मुल्यों पर आधारित शिक्षा प्रदान करें।

# ए एस मेमोरियल स्कूल में मनाया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व





**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** एएस मेमो. रियल सैकंडरी स्कूल में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर नन्हें नन्हें विद्यार्थी बने कृष्ण और राधा। विद्यालय के निदेशक अंकित सिंह ने सभी को शुभकामनाए दी।

## सफलता के लिए मेहनत



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।**
**फादर डॉ रेयमंड चेरूबिन**
**वाईस प्रिंसिपल**
**संत जेवियर**

विद्यार्थी हमारे देश की रीड़ की हड्डी है जिन्हें लक्ष्य निर्धारित करना होगा। सफलता को कोई शार्टकट नहीं होता है। पूरे वर्ष परिश्रम करना होगा।

# महात्मा गांधी विद्यालय मानसरोवर में मनाया शिक्षक दिवस समारोह




**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** महात्मा गांधी गवर्मेंट स्कूल अंग्रेजी माध्यम मानसरोवर में शिक्षक दिवस के अवसर पर समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने शानदार मन मोहक प्रस्तुतियां प्रस्तुत कर सभी को आनंदित किया। इस अवसर पर सभी को शुभकामनाएं और बधाई दी।

# नर्सिंग कॉलेज में शिक्षक सम्मान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** मुहाना रामपुरा रोड स्थित सैनी नर्सिंग कॉलेज के संस्कार भवन में शिक्षक दिवस आयोजन धूमधाम से मनाया गया। कालेज प्रिंसीपल हितेश गौतम ने बताया कि इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों ने व्यक्तित्व विकास शिविर, योग यज्ञ एवं विभिन्न अवसरों पर मोटीवेशनल कार्यशालाओं के प्रशिक्षक यशपाल यश तथा कालेज शिक्षकों को उनकी तस्वीरें नीतू द्वारा स्वहस्तनिर्मित स्केच की तस्वीरें देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि यशपाल यश ने कहा कि अध्यापक अपने आचरण से शिक्षा देते थे तब भारत विश्व गुरु था। यश ने कहा कि जैसे मां बच्चे को गर्भ में रखकर पोषण और संस्कार देती है वैसे ही आचार्य शिक्षक विद्यार्थी को अन्तेवासी हो अपने हृदय और मस्तिष्क में रख कर निखारता है।

# लायंस क्लब, आकाशदीप नें किया शिक्षकों का सम्मान



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** लायंस क्लब, आकाशदीप क्वींस ने शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों का सम्मान किया। कार्यक्रम में 16 शिक्षकों का सम्मान किया गया। इस अवसर आकाशदीपग्रुप के निदेशक एल सी भारतीय को द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उनका साफा पहनाकर और शाल ओढाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इस अवसर परिश्कार पत्रिका के न्यूज कॉर्डिनेटर एवं मोटिवेशनल स्पीकर डेंजिल नाजरथ का भी शॉल ओढ़ाकर और श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एलसी भारतीय ने किया। इसमें मंच संचालन नीरू भारतीय निदेशक जनता गर्ल्स सी सै स्कूल ने किया। आकाशदीप कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ शहनाज ने सभीका आभार प्रकट किया।

# मेडीकल विद्यार्थियों ने शिक्षक दिवस पर प्रिंसिपल का सम्मान किया



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** धनवंतरी इंस्टिट्यूट ऑफ मेडीकल साइंस में शिक्षक दिवस के अवसर पर डीआरटी प्रथम वर्श के विद्यार्थियों ने प्रिंसिपल आर के सैनी एवं सौरव जोशी सहित शिक्षकों का माला पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया।

# शिक्षक दिवस पर शिक्षा के साथ संस्कार भी जरूरी है



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** वर्गो सांस्कृतिक संस्था की ओर से हैप्पी सी. सै. स्कूल गंगापोल दरवाजा बाहर बदनपुरा जयपुर में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य मे अध्यक्ष रुपाली राव सचिव रवि कश्यप के निर्देशन में शिक्षा के साथ संस्कार भी जरूरी है पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके अध्यक्षता प्रधानाचार्य अमित शर्मा ने महान शिक्षाविद, देश के द्वितीय राष्ट्रपति सर्वपल्लवी राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया इसके बाद बच्चो ने बाद– विवाद, भाषण, संगीत आदि आर्कषण रहा छात्र–छात्राओं गुरु और शिक्ष्य की परमपर) को बकरार रखते हुए सभी शिक्षको को गिफ्ट देकर उनके पैर छूकर उनका आर्शिवाद लिया इसी कड़ी में शिक्षा के साथ संस्कार भी जरूरी है सामान्य–ज्ञान लिखित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके विजेताओं ट्राफी गोल्ड एवं ब्रॉज मैडल व प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया तथा साथ ही 20 सांत्वना पुरस्कार पैन दिए गए। कार्यक्रम के दौरान सूचना मंत्री सुनील जैन ने पत्रकारों को डायरी व पैन देकर सम्मानित किया।

पाराशर चिल्ड्रन पैराडाईज पब्लिक सीनियर सैकंडरी स्कूल में नियमित रूप से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

# कृष्ण जन्माष्टमी पर पाराशर विद्यालय में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** पाराशर चिल्ड्रन पैराडाईज पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल पार्क व्यू कॉलोनी एनबीसी स्टाफ क्वार्टर के पीछे जयपुर में जन्माष्टमी पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें छोटे बच्चों ने भाग लिया। विद्यालय निदेशक रामलाल पाराशर ने बताया कि नर्सरी से यूकेजी कक्षा के बच्चों ने राधा कृष्ण की मनमोहक झांकी प्रस्तुत की। नन्हें मुन्ने बच्चों ने श्री कृष्ण को आत्मसात किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में बच्चों ने बांसुरी बनाने की प्रतियोगिता में भाग लिया। पाराशर ने राधा एवं कृष्ण को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन चरित्र बच्चों के लिए आदर्श है बच्चों को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं को देखकर अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने इस अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्य सुगर सिंह ने कहा की तीज त्योहार पर मेहंदी प्रतियोगिता तथा रक्षाबंधन पर राखी मेकिंग प्रतियोगिता की गई थी तथा स्वतंत्रता दिवस पर भाग लेने वाले विद्यार्थियों और जन्माष्टमी पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को सामूहिक रूप से पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र दिए गए। इस मौके पर नवीन वर्मा, रामसिंह, रामलाल पाराशर निदेशक, सुगर सिंह प्रिंसिपल, खुशबु वर्मा, कविता कंवर, तनीशा पाराशर, मंजू बघेर, मोनिका, मनीशा शर्मा तथा विद्यालय का पूरा स्टाफ मौजूद था।









## शिक्षक दिवस केक काटकर बांटी खुशियां

शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यालय में केक काटकर उत्सव मनाया गया और एक दूसरे का मूंह मीठा कराया।







## स्वतंत्रता दिवस पर किया झंडारोहण

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** निदेशक रामलाल पाराशर ने बताया कि पाराशर चिल्ड्रन पैराडाईज पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नियमित रूप से सभी गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। जिनमें राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस एवं सभी धार्मिक कार्यक्रमों को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। विद्यालय में सभी बच्चों को संस्कारित शिक्षा पर देने पर जोर दिया जाता है ताकि वे अपनी पृष्ठभूमि से जुड़े रहें।






स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक और संपादक रवि सिंह किरार द्वारा एम बी प्रिन्टर्स डिग्गी हाऊस, एफ ७६ करतापुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर से मुद्रित तथा 89, संतोष नगर, अजमेर रोड़, जयपुर से प्रकाशित। फोन नं. 141-2450128/ 9314407796 parishkarpatrika@gmail.com
www.parishkarpatrika.page प्रधान संपादक हेमलता किरार तथा सलाहकार श्रवण सिंह किरार, विजय सिंह किरार, प्रचार एवं प्रसार प्रबंधक डी कुमार चित्र, शायर सिंह किरार